सं0 टी-49015/1/2012-बागान-क
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

उद्योग भवन, नई दिल्ली
दिनांकः 27 जुलाई, 2012

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः 14,300-18,300 रू0 (संशोधन पूर्व) के वेतनमान में उपाध्यक्ष, चाय बोर्ड, कोलकाता के एक पद को " प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण" आधार पर भरे जाने के बारे में**

चाय बोर्ड, जो वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक स्वायत्तशासी संगठन है, में 14,300-18,300 रू0 (संशोधन पूर्व) के वेतनमान में उपाध्यक्ष, चाय बोर्ड, कोलकाता के पद पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों की सेवाएँ तुरंत अपेक्षित हैं । यह पद दिनांक 1 सितम्बर, 2012 को रिक्त हो जाएगा । इस पद को पेंशन तथा पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 1.09.2012 से 5 वर्ष की अवधि के लिए "तत्काल आमेलन के नियम" से छूट प्रदान की गई है ।

2. वेतनमान, पदों की संख्या, भर्ती की पद्धति, पात्रता संबंधी शर्तें तथा अनुभव, कार्य का विवरण तथा प्रतिनियुक्ति की अवधि इत्यादि इस कार्यालय ज्ञापन के **अनुबंध - I** में दी गई है । प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु चयनित अधिकारी का वेतन समय-समय पर प्रवृत भारत सरकार के विद्यमान आदेशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

3. अतः यह अनुरोध है कि उपर्युक्त रिक्तियाँ **अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन सभी संगठनों को** परिचालित की जाए और उपयुक्त अधिकारियों, जिनका चयन होने की स्थिति में उन्हें कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के आवदेन निर्धारित प्रपत्र (इस कार्यालय ज्ञापन के साथ संलग्न **अनुबंध-II में दिए गए नमूने के अनुसार) में तीन प्रतियों में** तथा **अनुबंध III** के अनुसार एक प्रमाण पत्र (i) आवेदकों की पिछले पाँच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (2005-06 से 2009-10) (एसीआर) की प्रतियों जो अवर सचिव या उसके समकक्ष अधिकारी अथवा उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हों (प्रत्येक पृष्ठ पर रबड़ की मुहर सहित), (ii) नियोक्ता से इस आशय के एक प्रमाण-पत्र कि उस अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता का मामला लम्बित अथवा चल नहीं रहा है (iii) पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर अधिरोपित बड़ी/छोटी शास्तियों, यदि कोई हों, के ब्यौरे को दर्शाने वाले एक विवरण, (iv) सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र; और (v) संवर्ग स्वीकृति के साथ **श्री जी.बी. उपाध्याय, अवर सचिव, बागान -क अनुभाग, वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, कमरा सं0 441, उद्योग भवन, नई दिल्ली-110107 के पते** पर रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **पैंतालीस दिन** के भीतर **उचित माध्यम से** अग्रेषित किए जाएं । यह भी स्पष्ट किया जाए कि इस पद हेतु स्वेच्छा से आवेदन करने वाले अधिकारी को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी । अंतिम तारीख के बाद प्राप्त या गोपनीय रिपोर्ट और अन्य अपेक्षित दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदनों अथवा अन्यथा अपूर्ण पाये गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

30/7/12
(सनोज कुमार झा)
निदेशक
दूरभाषः 23062879

प्रतिलिपि अंगेजी पाठानुसार प्रेषित ।

**अनुबंध - I**

**(का.ज्ञा.सं.टी-49015/1/2012-बागान-क दिनांक 27.07.2012 का संदर्भ पैराग्राफ 2)**

| | |
|---|---|
| **पद का नाम** | उपाध्यक्ष, चाय बोर्ड, कोलकाता |
| **पद की संख्या** | एक (1) |
| **वेतनमान** | 14,300-18,300 रूपए (संशोधन पूर्व) |
| **भर्ती की पद्धति** | प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण |
| **अर्हता मानदण्ड** | भा0 प्र0 से0 अथवा किसी भी केन्द्रीय सेवा वर्ग I के अधिकारी जो न्यूनतम 12 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हों । |
| **कार्य का विवरण** | बैठकों की अध्यक्षता को छोड़कर बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूरा करना । वे बोर्ड के कार्यालय के दैनन्दिन कार्यों में भी बोर्ड के अध्यक्ष की सहायता करेंगे । |
| **प्रतिनियुक्ति की अवधि** | प्रतिनियुक्ति की अवधि चार वर्ष की होगी जिसे एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है । |

**अनुबंध-II**

## जीवन-वृत्त प्रपत्र

(तीन प्रतियों में प्रस्तुत किया जाए)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम व पता (स्पष्ट अक्षरों में) | | |
| 2. | जन्मतिथि (ईसवी सन् में) | | |
| 3. | केन्द्र/राज्य सरकार के नियमों के अनुसार सेवानिवृत्ति की तारीख | | |
| 4. | शैक्षणिक योग्यताएँ | | |
| 5. | क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा अन्य योग्यताएँ पूरी हैं (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है तो उसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें ) | अपेक्षित योग्यताएं/अनुभव<br><br>(1)<br>(2)<br>(3) | अधिकारी द्वारा प्राप्त योग्यताएँ/अनुभव |
| 6. | कृपया स्पष्ट करें कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं | | |
| 7. | पिछली नियुक्तियों का क्रमानुसार विवरण । यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से अधिप्रमाणित, पृथक पृष्ठ संलग्न करें । | | |

| कार्यालय/ संस्थान/ संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान तथा मूल वेतन | कार्य का स्वरूप (विस्तृत रूप में) |
|---|---|---|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थायी या अर्ध स्थायी अथवा स्थायी | |
| 9. | यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर हो तो कृपया निम्नलिखित सूचना दें :-<br><br>(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख<br>(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि<br>(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं । | |
| 10. | वर्तमान नियुक्ति के संबंध में अतिरिक्त विवरण<br>कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के अंतर्गत कार्यरत हैं (संगत स्तंभ के सामने अपने नियोक्ता का नाम दें)<br><br>(क) केन्द्र सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग) स्वायतशासी संगठन<br>(घ) सरकारी उपक्रम<br>(ङ.) विश्वविद्यालय<br>(च) अन्य (कृपया विनिर्दिष्ट करें) | |
| 11. | पिछले संवर्ग-बाह्य पद, यदि कोई हो, से वापसी की तारीख | |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | अनुभव (चाय संवर्धन में) का संक्षिप्त ब्यौरा | |
| 13. | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद हेतु अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहें ।<br><br>(इसमें, अन्य बातों के साथ-साथ (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताओं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित अनुभव से अधिक कार्य अनुभव के विषय में जानकारी शामिल की जा सकती है) (नोटः यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक पृथक पृष्ठ संलग्न करें) | |
| 14. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है तथा मैं इस बात से भली-भांति अवगत हूँ कि पद हेतु चयन के समय, चयन समिति मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से समर्थित जीवन वृत्त का भी मूल्यांकन करेगी ।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर............

पता ............................

.................................

तारीख ..........................

<u>अनुबंध - III</u>

## प्रमाण-पत्र

**(आवेदन-पत्रों को अग्रेषित करने वाले अधिकारी द्वारा भरे जाने के लिए)**

1. प्रमाणित किया जाता है किः

(i) उम्मीदवार द्वारा दिए गए विवरण की जांच उपलब्ध रिकॉर्ड से कर ली गयी है और उसे सही पाया गया है ।

(ii) यह सत्यापित कर लिया गया है कि उम्मीदवार वाणिज्य विभाग के दिनांक 27.07.2012 के रिक्ति पत्र सं0 टी 49015/1/2012 बागान (क) में उल्लिखित शर्तों के अनुसार पात्र है ।

(iii) उम्मीदवार के खिलाफ सतर्कता का कोई मामला न तो लम्बित है और न ही विचाराधीन है । उम्मीदवार के सी आर डोजियरों में ऐसा कुछ भी नहीं है जिसके आधार पर आवेदित पद पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सके ।

2. उम्मीदवार के पिछले पांच वर्षों के सी. आर. डोजियर संलग्न हैं जो ऐसे अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित हैं (प्रत्येक पृष्ठ पर रबड़ की मुहर सहित) जो अवर सचिव अथवा उसके समकक्ष अधिकारी के स्तर से कम नहीं है ।

हस्ताक्षरः

नाम और पदनामः.........................
.............................................
कार्यालय का पता, मुहर सहित.........
.............................................
दूरभाष सं0..............................